Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to constitute a committee to enquire the developmet work going under Smart City Project.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय अध्यक्ष महोदय, देश भर के कई शहरों में स्मार्ट सिटी का काम चालू है । माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस योजना की घोषणा की थी । मेरे चुनाव क्षेत्र में पिम्परी-चिंचवड़ म्युनिसिपल कोऑपरेशन को सेलेक्ट किया गया है । इस योजना का काम चालू है । इस योजना के लिए एक समिति गठित की जाती है । उस समिति के द्वारा ठेकेदार को निश्चित किया जाता है, लेकिन देखा गया है कि ठेकेदार और समिति की मिलीभगत होती है । इस योजना के अन्तर्गत डेवलप्ड एरियाज में ज्यादा काम होता है और अनडेवलप्ड एरियाज में कम काम होता है । असल में इस योजना का फायदा शहरों के उन अनडेवलप्ड एरियाज को मिलना चाहिए, लेकिन स्मार्ट सिटी की योजना केवल दिखावे के लिए काम करती है । मेरी यह मांग है कि जिस शहर में इस योजना का काम चालू है, उसके लिए एक समिति का गठन किया जाए । खासकर पिम्परी-चिंचवड़ महापालिका के लिए समिति गठित करके वहां पर जो-जो काम किया गया है, उसकी जांच की जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।